हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
23 मई 2024, समय 1810

- हरियाणा में चुनाव प्रचार थमा, अब किसी राजनीतिक दल को जनसभा करने की अनुमति नहीं होगी।
- हरियाणा के मुख्य सचिव निर्वाचन अधिकारी ने कहा है कि हरियाणा के लोकसभा चुनाव और करनाल विधानसभा उपचुनाव के लिए 45 हज़ार 576 ई.वी.एम. का प्रयोग होगा।
- प्रधानमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता नरेंद्र मोदी ने महेंद्रगढ़ के गांव पाली में विजय संकल्प रैली को संबोधित किया और कहा कि यह देश का प्रधानमंत्री चुनने का चुनाव है।
- हरियाणा में आज चुनाव प्रचार के अंतिम दिन सभी राजीनीतिक दलों ने अपनी पूरी ताकत झोंकी और मतदाता को अपने पक्ष में करने का प्रयास किया।

.............................................................................

हरियाणा में आज कुछ देर पहले चुनाव प्रचार थम गया है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने बताया कि मतदान से 48 घंटे पहले शाम 6 बजे मौन काल शुरू हो गया है। श्री अग्रवाल ने कहा कि:-

बाईट-1- श्री अनुराग अग्रवाल-(Silence Period)

श्री अग्रवाल ने कहा कि अब उम्मीदवारों या राजनीतिक दलों द्वारा कोई भी जनसभा करने और किसी एक जगह इकठ्ठे हाने और लॉडस्पीकर के प्रयोग पर पाबंदी रहेगी।

मतदान 25 मई को होगा और परिणाम 4 जून को घोषित किये जायेंगे।

.............................................................................

हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने कहा है कि हरियाणा में लोकसभा चुनाव तथा करनाल के विधानसभा उपचुनाव के लिए कुल 45 हज़ार 576 इलैक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों का प्रयोग किया जायेगा। उन्होंने कहा कि इनके साथ 24 हज़ार 39 कॉन्ट्रॉल यूनिट तथा 26 हज़ार 40 वी वी पेट मशीनों का इस्तेमाल भी होगा।

श्री अग्रवाल ने बताया कि परसों मतदान के बाद इलैक्टॉनिक वोटिंग मशीनोंको स्ट्रॉंग रूम में रखवा दिया जायेगा। उन्होंने बताया:-

बाईट-2- श्री अनुराग अग्रवाल-(Strong Room)

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि 25 मई को प्रदेश में कुल 2 करोड़ 76 हज़ार 768 पंजीकृत मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। उन्होंने बताया कि घर से ही वोट डालने के इच्छुक 85 वर्ष से अधिक आयु तथा दिव्यांग मतदाताओं में से लगभग सभी ने घर से मतदान कर लिया है।

.............................................................................

प्रधानमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता नरेंद्र मोदी ने आज हरियाणा के महेंद्रगढ़ के गांव पाली में भारतीय जनता पार्टी की विजय संकल्प रैली को संबोधित करते हुए इंडी गठबंधन को निशाने पर लिया।प्रधानमंत्री ने कहा कि इंडी गठबंधन के लोग कह रहे हैं कि हर साल भारत का प्रधानमंत्री नया होगा , इस तरह 5 साल में 5 प्रधानमंत्री होंगे तो देश कैसे चलेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह देश का प्रधानमंत्री चुनने का चुनाव है।

उन्होंने गठबंधन में शामिल दलों पर सांप्रदायिक, जातिवादी और परिवारवादी लोग होने का आरोप लगाया। श्री मोदी ने कहा कि देश की जनता उनके इरादे पहले ही जान चुकी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने वोट के लिए ही देश का विभाजन करवाया था। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन के लोग बाबा अंबेडकर द्वारा अनुसूचित जाति जनजाति और पिछड़ा वर्ग को दिया आरक्षण छीन कर एक समुदाय को देना चाहते हैं। श्री मोदी ने कहा कि कल आए बंगाल उच्च न्यायालय के फैंसले से सब साफ हो गया है। उन्होंने दावा किया कि सभी को पता है कि गठबंधन की सरकार नहीं बन रही है।

श्री राव तुला राम को नमन करते हुए श्री मोदी ने हरियाणा और पंजाब में बिताए पलों और तब के साथियों को याद किया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि हरियाणा आ कर उनकी पुरानी यादें ताज़ा हो गई हैं।

श्री मोदी ने राम मंदिर और अनुच्छेद 370 समाप्त करने जैसे फैसलों का विरोध करने के लिए भी कांग्रेस और विपक्षी दलों की आलोचना की।

उन्होंने कहा कि इन उम्मीदवारों को पड़ा हर वोट मोदी के खाते में जाएगा। श्री मोदी ने अपने सम्बोधन से पहले सबको बुध पूर्णिमा की बधाई भी दी।

..........................................................................................

हरियाणा में आज चुनाव प्रचार के अंतिम दिन सभी राजनीतिक दलों ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी और मतदाता को अपने पक्ष में करने का प्रयास किया।

करनाल से बी जे पी प्रत्याशी मनोहर लाल ने करनाल और पानीपत में रोड शो निकाला और करनाल में मीडिया से बातचीत में विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि बी जे पी की सरकार में देश और प्रदेश हित में कई काम हुए हैं। श्री मनोहर लाल ने आम आदमी पार्टी के दिल्ली में कम पानी देने के आरोप को गलत बताया।

उधर कांग्रेस प्रत्याशी दिव्यांशु बुद्धिराजा और उनके समर्थकों ने भी धुंआदार प्रचार किया। कांग्रेस द्वारा भारी गर्मी के बीच मुख्य बाज़ारों से रोड शो निकाला गया और लोगों से वोट देने की अपील की गई।

उधर अंबाला शहर में हरियाणा के परिवहन राज्यमंत्री एवं बीजेपी नेता असीम गोयल ने पार्टी की लोकसभा प्रत्याशी बंतो कटारिया के समर्थन में घर घर जाकर प्रचार किया।

श्रीमती बंतो कटारिया व असीम गोयल, अंबिका देवी मंदिर से मुख्य बाजारों से होते हुए सैनी आश्रम तक गए और लोगों से वोट देने की अपील की। सैनी आश्रम मे कांग्रेस से अलग होकर अपने पार्टी बनाने वाले विनोद शर्मा और अंबाला की महापौर शक्ति रानी शर्मा ने भी बंतो कटारिया को खुला समर्थन देने का ऐलान किया।

..........................................................................

रक्षा मंत्री एवं बी जे पी के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश की दुनिया भर में अपनी अलग पहचान बनी है। भारत के प्रति दुनिया के लोगों की धारणा बदल गई है। संयुक्त राष्ट्र संघ के मंच पर अब भारत को गंभीरतापूर्वक सुना जाता है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज पलवल विधानसभा के खादर क्षेत्र के गांव सोलड़ा में बी जे पी प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर के समर्थन में एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

रक्षा मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार ने सेना को ताकतवर बनाने का काम किया है। कांग्रेस ने सेना के लिए ढांचागत सुविधाऐं जैसे सडक़, बिजली, पानी तथा अन्य सामान नहीं दिया लेकिन बी जे पी ने सेना को बुनियादी सुविधाऐं देकर सेना के जवानों का मनोबल बढ़ाने का कार्य किया है। चीन और पाकिस्तान जब भी नापाक हरकत करता है तो सेना उनकी भाषा में मुंहतोड़ जवाब देती है। उन्होंने कहा कि आज पड़ोसी देश पाकिस्तान की हालत लगातार बदतर हो रही है। जबकि भारत दुनिया की 5वीं बड़ी आर्थिक शक्ति बन गया है।

उन्होंने लोगों से परसों 25 मई को भारी मतों से बी जे पी प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर को विजयी बनाने की अपील की।

..........................................................................

आज कुरूक्षेत्र में संत समुदाय ने आम आदमी पार्टी और इंडी गठबंधन के प्रत्याशी सुशील गुप्ता को कुरुक्षेत्र में हनुमंत कथा के दौरान बाबा बागेश्वर धाम से धीरेंद्र शास्त्री के विरूद्ध की गई टिप्पणियों के लिए माफी मांगने को कहा। संत समुदाय ने कहा की अगर सुशील गुप्ता ने माफी नहीं मांगी तो वह सड़कों पर उतरेंगे। संतों ने कहा कि धीरेंद्र शास्त्री एक महापुरुष है और वह प्राय: पागल शब्द का इस्तेमाल करते हैं। परंतु उनका अर्थ यह नहीं होता जिस तरह से सुशील गुप्ता ने उनको पागल बताया है। संतों ने कहा कि यह सनातन धर्म का अपमान है और वह यह अपमान कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे।

..........................................................................